बिहार सरकार

बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई०ए०एस०संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना-14.

विज्ञापन संख्या-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2022/10 दिनांक- 17.09.2022

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2022 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में द्वितीय चक्र सीट आवंटन के पश्चात् उन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के अंतर्गत विभिन्न NCVT / SCVT पाठ्यक्रमों में उपलब्ध रिक्तियों के विरुद्ध Offline MOP-UP कॉउन्सेलिंग / साक्षात्कार हेतु आवश्यक सूचना

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतियोगिता प्रवेश परीक्षा (ITICAT)-2022 मे सम्मिलित सभी अभ्यर्थियों / सम्बन्धित ITI संस्थान के प्राचार्य तथा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ITICAT-2022 की पूर्व प्रकाशित मेधासूची के आधार पर प्रथम एवं द्वितीय चक्र की online counselling के माध्यम से विभिन्न NCVT / SCVT पाठ्यक्रमों में हुए सीट आवंटन एवं तद्नुसार नामांकन के पश्चात् शेष रिक्तियों की पाठ्यक्रमवार/ संस्थानवार / कोटिवार रिक्तियाँ पर्षद की वेबसाइट bceceboard.bihar.gov.in पर online willingness देने की प्रारंभिक तिथि को उपलब्ध करा दी जायेगी। परन्तु रिक्तियों में वृद्धि की सम्भावना है जिसे विभाग से प्राप्त होने के उपरान्त कॉउन्सेलिंग प्रारम्भ होने के पूर्व पर्षद के website पर उपलब्ध करा दिया जायेगा।

इन सीटों को भरने हेतु Offline Mop-up Counselling दिनांक 07.10.2022 से प्रारम्भ होगा। यह Offline Counselling पर्षद कार्यालय, आई.ए.एस. संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना में आयोजित होगा। उक्त Mop-up कॉउन्सेलिंग में भाग लेने हेतु ITICAT-2022 में सम्मिलित सभी पात्रता-प्राप्त अभ्यर्थियों, चाहे वे पूर्व की online कॉउन्सेलिंग के आधार पर नामांकित हों या न हों, से Mop-up Counselling में भाग लेने हेतु Online Willingness आमन्त्रित किये जाते हैं। Online Willingness दिनांक 19.09.2022 से दिनांक 26.09.2022 तक प्राप्त किये जायेंगे। मेधाक्रम सहित साक्षात्कार कार्यक्रम पर्षद की वेबसाईट पर दिनांक 01.10.2022 को उपलब्ध करा दिया जायेगा।

2. **Online Willingness Submit करने एवं कॉउन्सेलिंग से सम्बन्धित पूर्ण विवरणी / प्रक्रिया विज्ञापन संख्या- बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी.)-2022/09 दिनांक- 17.09.2022 के माध्यम से पर्षद के वेबसाईट bceceboard.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।**

3. अभ्यर्थियों का मेधाक्रम पर्षद के विज्ञापन सं.-बी.सी.ई.सी.ई.बी.(आई.टी.आई.सी.ए.टी)- 2022/05 दिनांक- 13.07.2022 के माध्यम से पर्षद के उक्त वेबसाईट पर पूर्व में ही उपलब्ध करा दी गयी है। Mop-up कॉउन्सेलिंग में सम्मिलित होने हेतु अभ्यर्थी पर्षद की वेबसाईट पर जाकर "Willingness for ITICAT-2022 Mop-up Round Offline Counselling" Link पर Click करने के बाद अपना रौल नं. एवं जन्म तिथि डालकर मेधाक्रम प्राप्त करें एवं "Submit Your Willingness" बटन पर Click करें।

परीक्षा नियंत्रक